KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

कक्षा - 12

इतिहास

भाग - 2

भारतीय इतिहास के कुछ विषय

अध्याय - 8

किसान ज़मींदार और राज्य

भाग - 10

Pritesh Joshi

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



प्रश्न 6. आपके मुताबिक कृषि समाज में सामाजिक व आर्थिक संबंधों को प्रभावित करने में जाति किस हद तक एक कारक थी?

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

उत्तर : 16वीं-17वीं शताब्दियों के काल में भारत एक कृषि प्रधान देश था। देश की लगभग 85 प्रतिशत जनसंख्या ग्रामों में करती थी और जो प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से कृषि से जुड़ी थी।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



कृषि समाज में सामाजिक-आर्थिक संबंधों के निर्धारण में जाति की भूमिका :-

- कठोर जाति-व्यवस्था भारतीय समाज की एक महत्त्वपूर्ण विशेषता थी। समाज अनेक जातियों तथा उपजातियों में विभक्त था जिनकी संख्या दो हजार से भी अधिक थी।
- उच्च जाति के लोग निम्न जातियों से घृणा करते थे तथा उनसे किसी प्रकार का संबंध नहीं रखते थे।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

- व्यवसाय जाति के आधार पर निर्धारित किए जाते थे।
- स्वाभाविक रूप से कृषि समाज में सामाजिक एवं आर्थिक संबंधों के निर्धारण में जाति की भूमिका महत्त्वपूर्ण होती थी।
- उच्च जाति एवं निम्न जाति जैसे भेदभावों ने खेतिहर किसानों को अनेक भागों में विभक्त कर दिया था। यद्यपि कृषि योग्य भूमि का अभाव नहीं था तथापि कुछ जातियों के लोगों से केवल नीच समझे जाने वाले कार्य ही करवाये जाते थे।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

- जाति संस्था के नियंत्रणों के कारण उनके पास पर्याप्त आर्थिक संसाधन नहीं होते थे। परिणामस्वरूप, ग्रामीण समुदाय के एक विशाल भाग का निर्माण करने वाले ये लोग विवशतापूर्वक दरिद्रता का जीवन व्यतीत करते थे।
- हिन्दुओं के घनिष्ठ सम्पर्क में रहते-रहते मुसलमानों में भी जातीय भेदभावों का प्रसार होने लगा था।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

- मुस्लिम समुदायों में हलालखोरान जैसे नीच कामों को करने वाले लोग ग्राम की सीमाओं के बाहर रहते थे। इसी प्रकार बिहार में मल्लाहजादाओं को निम्न जातीय समझा जाता था। उनकी स्थिति दासों से बेहतर नहीं थी।
- निम्न जातियों से संबंधित लोगों, चाहे वे हिन्दू थे अथवा मुसलमान, को न तो समाज में सम्मानित स्थान प्राप्त था और न ही उनकी आर्थिक दशा अच्छी थी।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

सा० इ० राज०

- मध्यकालीन भारतीय समाज में जाति, गरीबी और सामाजिक स्तर के मध्य प्रत्यक्ष संबंध था। इस प्रकार, स्पष्ट हो जाता है कि मध्यकालीन कृषि समाज में सामाजिक एवं आर्थिक संबंधों के निर्धारण में जाति का महत्त्वपूर्ण स्थान था। किन्तु हमें यह भी याद रखना चाहिए कि मध्यम क्रम में आने वाली जातियों का सामाजिक स्तर उनकी आर्थिक स्थिति में उन्नति होने के साथ-साथ उन्नत होने लगा था।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



प्रश्न 7. सोलहवीं और सत्रहवीं सदी में जंगल वासियों की ज़िंदगी किस तरह बदल गई?

1) दाथी
2) आर्थिक
3) कृषि विस्तार
4) सरदार → ज़मींदार

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

निर्यात

उत्तर : वाणिज्यिक खेती का असर, जंगलवासियों की जिंदगी पर भी पड़ता था।

जंगल के उत्पाद, जैसे–शहद, मधुमोम और लाक की बहुत माँग थी।

लाक जैसी कुछ वस्तुएँ तो सत्रहवीं सदी में भारत से समुद्र पार होने वाले निर्यात की मुख्य वस्तुएँ थीं।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

- सामाजिक कारणों से भी जंगलवासियों के जीवन में बदलाव आए।
- कबीलों के भी सरदार होते थे, कई कबीलों के सरदार जमींदार बन गए, कुछ तो राजा भी हो गए।
- ऐसे में उन्हें सेना खड़ी करने की जरूरत हुई। उन्होंने अपने ही खानदान के लोगों को सेना में भर्ती किया; या फिर अपने ही भाई-बंधुओं से सैन्य सेवा की माँग की।

इस प्रकार सोलहवीं और सत्रहवीं सदी में जंगल वासियों की ज़िंदगी बदल गई।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



प्रश्न 8. मुग़ल भारत में ज़मींदारों की भूमिका की जाँच कीजिए।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

उत्तर : मुगल भारत में जमींदार जमीन के मालिक होते थें। ग्रामीण समाज में उनकी ऊँची हैसियत होती थी।

- जमींदारों की समृद्धि का मुख्य कारण था, उनकी विस्तृत व्यक्तिगत जमीन, जिसे 'मिल्कियत' कहा जाता था।
- मिल्कियत जमीन पर दिहाड़ी मजदूर काम करते थे।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

- जमींदारों को राज्य की ओर से कर वसूलने का अधिकार प्राप्त होता था।
- इसके बदले उन्हें वित्तीय मुआवजा मिलता था। जमींदारों के पास अपने किले भी होते थे।
- अधिकांश जमींदार अपनी सैनिक टुकड़ियाँ भी रखते थे।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



- जमींदारों ने खेती लायक जमीनों को बसाने में अगुआई की और खेतिहरों को खेती के साजो-सामान व उधार देकर उन्हें वहाँ बसने में भी मदद की।
- जमींदारी की खरीद-बिक्री से गाँवों में मौद्रीकरण की प्रक्रिया में तेजी आई। ऐसे प्रमाण मिलते हैं कि जमींदार एक प्रकार का हाट (बाजार) स्थापित करते थे जहां किसान अपनी फसलें बेचने आते थे।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

शोषण



- इसमें कोई संदेह नहीं कि जमींदार शोषणकारी नीति अपनाते थे। लेकिन किसानों के साथ उनके रिश्तों में पारस्परिकता, पैतृकवाद और संरक्षण की भावना रहती थी। यही कारण है कि तत्कालीन साहित्यों में जमींदारों को अत्यंत क्रूर शोषक के रूप में नहीं दिखाया गया है।
- किसान प्रायः राजस्व अधिकारियों को ही दोषी ठहराते थे।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

- परवर्ती काल में अनेक कृषक विद्रोह हुए और उनमें राज्य के खिलाफ जमींदारों को अकसर किसानों का समर्थन और सहयोग मिला।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

प्रश्न 9. पंचायत और गाँव का मुखिया किस तरह से ग्रामीण समाज का नियमन करते थे? विवेचना कीजिए।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

पंचायत

बुजुर्ग

उत्तर : 16वीं और 17वीं शताब्दियों के काल में ग्रामीण समाज में पंचायत और मुखिया का अत्यधिक महत्त्वपूर्ण स्थान था। ग्रामीण समाज के नियमन में उनकी महत्त्वपूर्ण भूमिका थी।

पंचायत :- ग्राम पंचायत सामान्यतः ग्राम के सम्मानित एवं महत्त्वपूर्ण बुजुर्गों, जिसके पास अपनी सम्पत्ति के पुश्तैनी अधिकार होते थे, की सभा होती थी।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

विषमता

- इस प्रकार, ग्राम पंचायत एक अल्पतंत्र के रूप में कार्य करती थी जिसमें भिन्न-भिन्न जातियों एवं सम्प्रदायों के लोगों का प्रतिनिधित्व होता था।
- किन्तु छोटे-मोटे एवं नीच कार्य करने वाले खेतिहर मजदूरों को संभवतः पंचायत में कोई प्रतिनिधित्व नहीं दिया जाता था।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

पटेल

- **मुखिया :-** प्रत्येक पंचायत का एक मुखिया अथवा अध्यक्ष होता था, जिसे **मुकद्दम** अथवा **मंडल** कहा जाता था।
- तत्कालीन स्रोतों से पता लगता है कि मुखिया का चुनाव ग्राम के बुजुर्गों की सहमति से किया जाता था।
- चुनाव के बाद उसे जमींदार से स्वीकृत करवाना आवश्यक था।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

- मुखिया अपने पद पर तभी तक बना रह सकता था जब तक उसे ग्राम के बुजुर्गों का विश्वास प्राप्त होता था।

पंचायत के कार्य एवं आय के स्रोत :- पंचायत ग्राम की हर प्रकार की व्यवस्था के लिए उत्तरदायी होती थी।

- ग्राम की आय एवं व्यय का हिसाब रखना मुखिया का एक प्रमुख कार्य था। वह पंचायत के पटवारी की सहायता से इस कार्य को सम्पन्न करता था।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

- प्रत्येक पंचायत का अपना कोष अथवा खजाना होता था, जिसमें ग्राम के प्रत्येक व्यक्ति द्वारा योगदान किया जाता था। कोष की धनराशि से ही पंचायत के विभिन्न प्रकार के खर्चे को चलाया जाता था।
- समय-समय पर ग्राम का दौरा करने वाले कर अधिकारियों की खातिरदारी का खर्च भी इसी धनराशि से पूरा किया जाता था।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

- इस कोष का उपयोग बाढ़ जैसी प्राकृतिक विपत्तियों का सामना करने के लिए तथा कुछ सामुदायिक कार्यों को करने के लिए भी किया जाता था।
- उदाहरण के लिए, मिट्टी के छोटे-छोटे बाँध बनाने अथवा नहर खोदने के कार्य, जो किसान स्वयं नहीं कर सकते थे, पंचायत के कोष से करवाए जाते थे।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

- **पंचायत एवं मुखिया ग्रामीण समाज के नियामक के रूप में :-** मध्यकालीन भारत में पंचायत का सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण कार्य ग्रामीण समाज का नियमन करना था।
- पंचायत यह प्रयास करती थी कि ग्राम में रहने वाले भिन्न-भिन्न समुदायों के लोग अपनी-अपनी जाति के नियमों का पालन करें तथा अपनी जाति की सीमाओं को पार न करें।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

- इस प्रकार, जाति की अवहेलना रोकने के लिए जन सामान्य के आचरण पर नियंत्रण स्थापित करना मुखिया का एक महत्त्वपूर्ण कार्य माना जाता था। हमें याद रखना चाहिए कि हिन्दू समाज में जाति-नियम अत्यधिक कठोर थे।
- जाति-नियम की किसी भी प्रकार अवहेलना करने वाले व्यक्ति को कठोर सजा का भागीदार बनना पड़ता था। पंचायत उस पर जुर्माना लगा सकती थी अथवा उसे जाति से बहिष्कृत करने जैसी कठोर सजा भी दे सकती थी।